## संपादकीय

# भेदभाव का विकास

भारत से जुड़ी विकास की तमाम कहानियों के बावजूद सचाई यह है कि सामाजिक विकास में हमारा मुकाम दुनिया में अब भी काफी नीचे है। वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की 50वीं सालाना बैठक से पहले जारी 'ग्लोबल सोशल मोबिलिटी इंडेक्स' की 82 देशों की सूची में भारत को 76वां स्थान दिया गया है। डेनमार्क इसमें टॉप पर है, इसके बाद नॉर्वे, फिनलैंड, स्वीडन और आइसलैंड का नंबर है। यह इंडेक्स तैयार करने के लिए जिन प्रमुख बातों को ध्यान में रखा गया है, वे हैं- स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीक, रोजगार, सुरक्षा और सांस्थानिक स्थिति।

भारत को जिन बातों का खास ध्यान रखने की हिदायत दी गई है, उनमें सामाजिक सुरक्षा और समान काम के लिए समान वेतन शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'अगर कोई देश ऐसा माहौल तैयार करने में सफल रहता है, जहां हर किसी को अपनी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलता है, तो इसका न सिर्फ समाज को सीधा लाभ होगा, बल्कि अर्थव्यवस्था को हर साल अरबों डॉलर का फायदा भी होने लगेगा।

रिपोर्ट के अनुसार सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए ऐसी उपयुक्त परिस्थितियां सिर्फ कुछेक अर्थव्यवस्थाओं में ही मौजूद हैं जिनमें चीन, अमेरिका, भारत, जापान और जर्मनी शामिल हैं। साफ है कि भारत में सामाजिक परिवर्तन के जरिए अपना विकास करने की पूरी संभावनाएं मौजूद हैं। आजादी के वक्त हमारा समाज सामंती संरचना में जकड़ा हुआ था। सामाजिक बंधनों के कारण हर किसी के समान रूप से विकसित होने की गुंजाइश नहीं के बराबर थी। मगर हमारे संविधान ने हर किसी को बराबरी के अधिकार दिए और सरकारों को बिना किसी भेदभाव के सबके हित में काम करने का दायित्व सौंपा। बाद में देश में आरक्षण और इस तरह की कई अन्य नीतियां भी अपनाई गईं जिनसे वंचित तबकों को आगे आने के अवसर मिले। इसका फायदा दिख रहा है, लेकिन विकास का लाभ आज भी हर किसी तक नहीं पहुंचा है और सामाजिक-आर्थिक स्तर पर एक गहरी खाई साफ नजर आती है।

इसकी कुछ जवाबदेही हमारे देश में पिछले तीन दशकों से अपनाई गई व्यवस्था पर जाती है, जिसमें सरकारों का रोल कम होता गया है और ज्यादातर काम प्राइवेट सेक्टर के हाथ में जा चुका है। इससे विकास की रफ्तार तो बढ़ी है, लेकिन साथ में यह नुकसान भी हुआ है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के दो स्टैंडर्ड बन गए हैं। निजी क्षेत्र द्वारा दी जा रहीं [ालिटी सुविधाएं महंगी होने के चलते बेहतर आर्थिक स्थिति वालों को ही मिल पाती हैं। इस तरह साधन संपन्न तबका विकास का ज्यादा लाभ लेने की स्थिति में पहुंच गया है, जबकि सरकारी साधनों पर आश्रित बाकी समाज दिनोंदिन पिछड़ता ही जा रहा है। इस बुनियादी बीमारी का इलाज किए बिना, सिर्फ बीच-बीच में किए जाने वाले राहत उपायों के सहारे हालात कुछ खास नहीं बदलने वाले।

# 85 मिनट लेट हुई तेजस एक्सप्रेस, यात्रियों को 100 रुपये मुआवज़ा

**मुंबई (आरएनएस)।** पश्चिम रेलवे पर तकनीकी कारणों से बुधवार को दहिसर और भाईंदर के बीच ओवरहेड वायर में गड़बड़ी होने लगी। दोपहर 12:15 बजे के करीब हुई इस घटना के कारण अप फास्ट लाइन पर ट्रेनें बाधित हो गई। इस गड़बड़ी के कारण 8 लोकल ट्रेनों की सर्विस रद्द करनी पड़ी, तो 4 लंबी दूरी की ट्रेनें भी लेट हो गई। इनमें से एक हाल ही में तेजस एक्सप्रेस भी थी। अहमदाबाद से मुंबई की ओर आ रही तेजस एक्सप्रेस करीब 85 मिनट लेट हो गई थी। 19 जनवरी से




अहमदाबाद से मुंबई के बीच तेजस एक्सप्रेस देश की दूसरी प्राइवेट ट्रेन के तौर पर आधिकारिक रूप से चलाई गई। आमतौर पर सामान्य ट्रेनों से ज्यादा किराया होने और प्राइवेट ट्रेन होने के कारण इसे अन्य ट्रेनों के मुकाबले प्राथमिकता दी जा रही है। इसके बदले ट्रेन में विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलती हैं और ट्रेन लेट होने पर मुआवजा भी मिलता है। इस ट्रेन में एक घंटे से कुछ ज्यादा लेट होने पर 100 रुपये और दो घंटे से ज्यादा लेट होने पर 250 रुपये का मुआवजा दिया जाता है।

बुधवार को यह ट्रेन 85 मिनट लेट थी। इसमें अहमदाबाद से मुंबई के बीच कुल 879 यात्री सवार हुए थे। प्रभावित यात्रियों की संख्या 630 थी, जिन्हें 100 रुपये प्रति यात्री के हिसाब से मुआवजा दिया गया। ट्रेन लेट होने से प्रभावित यात्रियों को आईआरसीटीसी द्वारा मोबाइल पर लिंक भेजा जाता है।

## डीएचएफएल को जुलाई-सितंबर में 6,641 करोड़ रुपये का घाटा




**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** कर्ज तले दबी आवास वित्त कंपनी डीएचएफएल को 30 सितंबर 2019 को समाप्त तिमाही में 6,640.62 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ।

एक साल पहले जुलाई - सितंबर अवधि में उसे 439.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) ने बंबई शेयर बाजार को बताया कि 2019-20 की जुलाई - सितंबर अवधि में उसकी परिचालन से एकीकृत आय गिरकर 2,106.71 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में उसकी आय 3,483.32 करोड़ रुपये थी।

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के 3 दिसंबर 2019 के एक आदेश के तहत डीएचएफएल के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू की गई है।

## रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले तीन पैसे कमजोर

**मुंबई (आरएनएस)।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद प्रमुख विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर में मजबूती से रुपया गुरुवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे गिरकर 71.22 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी से भी रुपये पर दबाव रहा। हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में अच्छी शुरुआत ने रुपये का समर्थन किया और गिरावट को कम करने का प्रयास किया। अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपये गिरावट के साथ 71.21 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और गिरकर 71.22 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। रुपया बुधवार को 71.19 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 1.36 प्रतिशत गिरकर 62.35 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। शेयर बाजार के पास मौजूद आरंभिक आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 176.43 करोड़ रुपये शेयर के बेचे।

## वायदा कारोबार में चांदी 232 रुपये फिसली

**नयीदिल्ली (आरएनएस)।** कमजोर वैश्विक रुख के साथ प्रतिभागियों के सौदे घटाने से गुरुवार को वायदा कारोबार में चांदी 232 रुपये फिसलकर 46,001 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च महीने में डिलिवरी वाली चांदी 232 रुपये यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 46,001 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इसमें 4,057 लॉट का कारोबार हुआ।

## एक दिन की स्थिरता के बाद फिर घटे पेट्रोल और डीजल के दाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में एक दिन के विराम के बाद गुरुवार को फिर गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोल की कीमत दिल्ली और मुंबई में 17 पैसे जबकि कोलकाता में 16 पैसे और चेन्नई में 18 पैसे प्रति लीटर कम हो गई है। वहीं, डीजल का दाम दिल्ली और कोलकाता में 19 पैसे जबकि



मुंबई और चेन्नई में 20 पैसे प्रति लीटर घट गया है। बीते 12 दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 1.36 रुपये प्रति लीटर सस्ता हुआ जबकि डीजल के दाम में उपभोक्ताओं को 1.31 रुपये प्रति लीटर की राहत मिली है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम घटकर क्रमशः 74.65 रुपये, 77.26 रुपये, 80.25 रुपये और 77.54 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसी प्रकार, चारों महानगरों में डीजल की कीमत भी घटकर क्रमशः 67.86 रुपये, 70.22 रुपये, 71.15 रुपये और 71.70 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

## 21 फरवरी से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की कप्तान होंगी स्टेफानी टेलर

**बारबाडोस।** स्टेफानी टेलर 21 फरवरी से आठ मार्च तक आस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में कैरेबियाई टीम की कप्तानी करेंगी। इस टीम में दिएंद्रा डाटिन की वापसी हुई है। डाटिन करेक्टिव सर्जरी और रिहैब के कारण आठ महीनों तक इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर थीं। कैरेबियाई टीम में हेले मैथ्यूज, अनीसा मोहम्मद, शाकेरा सलमान और शमीलिया कालेन जैसे जाने-पहचाने चेहरे भी हैं। कालेन और शाकेरा की चोट के बाद वापसी हुई है। साल 2018 में कैरेबियाई टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी लेकिन वह चैम्पियन आस्ट्रेलिया से हार गई थी। अब कैरेबियाई टीम एक बार फिर फाइनल में पहुंचकर यह खिताब जीतना चाहेगी।

## जेएसडब्ल्यू स्टील की डिबेंचर के जरिये 1,000 करोड़ जुटाने की योजना

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** जेएसडब्ल्यू स्टील की गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। सज्जन जिंदल की




अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने गुरुवार को बंबई शेयर बाजार को बताया कि इस राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने, सामान्य कंपनी कामकाज और पूंजीगत खर्च समेत अन्य मद में किया जाएगा। कंपनी ने कहा, निदेशक मंडल ने 10,000 सूचीबद्ध, सुरक्षित, विमोचनीय, गैर परिवर्तनीय डिबेंचर आवंटित करने की अनुमति दी है। एक डिबेंचर का मूल्य 10,00,000 रुपये है। इनका कुल मूल्य 1,000 करोड़ रुपये बैठेगा।

## वायदा कारोबार में चांदी 232 रुपये फिसली

**नयीदिल्ली (आरएनएस)।** कमजोर वैश्विक रुख के साथ प्रतिभागियों के सौदे घटाने से गुरुवार को वायदा कारोबार में चांदी 232 रुपये फिसलकर 46,001 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च महीने में डिलिवरी वाली चांदी 232 रुपये यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 46,001 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इसमें 4,057 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, मई डिलिवरी वाली चांदी 120 रुपये यानी 0.29 प्रतिशत घटकर 46,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इसमें 32 लॉट का कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क में चांदी 0.55 प्रतिशत गिरकर 17.73 डॉलर प्रति औंस रही।

## आज का राशिफल

मेषः आज नवम भाग्य भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं।

कर्कः आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंहः आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-आध्यात्म के मामले पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

कन्याः आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयमित सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

वृश्चिकः माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

मकरः आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा।

कुंभः आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज

# खुश हूं, मैंने अपना प्रभाव डाला : तापसी पन्नू

**अभिनेत्री तापसी पन्नू, जिन्हें हाल ही में फिल्म गेम ऑवर और सांड की आंख के लिए अवॉर्ड मिला है, उनका कहना है कि वे खुश है। उन्होंने अपनी परियोजनाओं के माध्यम से दर्शकों के दिमाग पर अपना प्रभाव छोड़ा।**



पिछले साल, तापसी को बदला, गेम ऑवर, मिशन मंगल और सांड की आंख जैसी फिल्मों में देखा गया था। उन्होंने हाल ही में गेम ऑवर (तमिल में) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का आनंद विकटन अवॉर्ड अपने नाम किया और बॉलीवुड में सांड की आंख के लिए स्टार स्क्रीन अवार्डस में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। इस बारे में तापसी ने कहा, यह देख कर खुशी हो रही है कि भाषाओं के परे दर्शक और जूरी को ऐसा लगता है कि मैं इस सम्मान के काबिल हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैंने हमेशा यही कहा है

कि अवॉर्ड बहुत व्यक्तिपरक होते हैं और यह दरअसल कोई कितना अच्छा है, इसकी यह कोई आखिरी निशानी नहीं है। लेकिन वह कारण जिसकी वजह से मैं इसका जश्न मनाऊंगी, वह यह है कि मुझे ऐसा लगता है कि मैंने एक ही साल में एक उपलब्धि हासिल की है, वह यह कि मैं हिंदी के साथ-साथ दक्षिणी राज्यों पर भी अपना प्रभाव डाल सकती हूं।

इसने 2019 को मेरे करियर का सबसे खास साल बना।

## इंडियन 2 मेरे लिए एक रोमांचकर परियोजना है : काजल अग्रवाल

अभिनेत्री काजल अग्रवाल, कमल हासन की अगली परियोजना इंडियन 2 में नजर आने वाली हैं। उन्होंने इस बारे में कहा है कि उन्हें आने वाली इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के बारे में बात करने की फिलहाल अनुमति नहीं है। काजल ने मुंबई में आयोजित डिवाइन इंटरवेंशन नामक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात कलाकार सुब्रमण्यम गोपालसामी और ज्ञानादिकम पोन्नुसामी की कला प्रदर्शनी का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात की।



मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, काजल निर्देशक शंकर की इस फिल्म में 85 वर्षीय एक बूढ़ी महिला का किरदार निभा रही हैं।


अभिनेत्री ने इस बारे में मुस्कुराते हुए कहा, यह एक बेहद ही रोमांचक किरदार है, लेकिन मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती। वह (इस फिल्म के निर्माता) मुझे मार ही डालेंगे!

इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा, मैं फरवरी में फिर से शूटिंग शुरू करूंगी। यह कुछ बेहद ही अलग ढंग का है। मैंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया है। यह कोई वही घिसा-पीटा जवाब नहीं है, बल्कि वाकई ऐसा है।

## चाय संग सर्व करें पोहा चिवड़ा नमकीन

### सामग्री :-

पोहा/ चिवड़ा - 200 ग्राम
मूंगफली के दाने - 200 ग्राम
पका नारियल - 2-3 इंच लम्बा टुकड़ा (पतले टुकड़े कटे हुए)
काली मिर्च - आधा छोटी चम्मच
चाट मसाला - आधा छोटी चम्मचतेल - 100 ग्राम
नमक - स्वादानुसार



### रेसिपी :-

1.पोहा चिवड़ा नमकीन बनाने के लिए मोटे पोहे का इस्तेमाल करना चाहिए. नमकीन बनाने के लिए पहले पोहे को अच्छे से बीनकर साफ कर लें

2.कड़ाई को आंच पर चढ़ाकर इसमें तेल डालकर गर्म कर लें. अब आंच कम करके पोहा इसमें डालें और चमचे से चलाते हुए तब तक तलें जब तक कि यह फूल कर दोगुना नहीं हो जाता है. अब कढ़ाई में साइड से छलनी डालकर तले हुए पोहे को निकाल कर कागज़ लगी एक थाली में निकाल लें. ताकि एक्स्ट्रा तेल को कागज़ सोख ले. इसी तरह बाकी का पोहा भी तल लें

3.अब बचे हुए तेल में नारियल के टुकड़ों को हल्का भूरा होने तक तलें और इसी में मूंगफली के दानों को भी तल लें. आंच बंद कर दें. पोहे में ऊपर से चाट मसाला, नमक डालकर मिलाएं. और बाकी चीजें भी मिला लें.

4. लीजिए तैयार हो चुकी है आपको पोहा चिवड़ा नमकीन. घर आए मेहमानों को या शाम में नाश्ते पर इसे आराम से सर्व करें. चाहें तो इसे डिब्बे में स्टोर करके भी रख सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 13

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 13

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |